तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

14 तेंदूकोना में विश्व आदिवासी दिवस समारोह 9 को



14 कर्मा जागृति महिला मंच ने मनाया सावन उत्सव





## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर डराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति टाउन हाल के सामने महासमुंद में एक धारदार चाकू को लहरा लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंच आरोपी नईम अली उर्फ नानू पिता जाफर खान (22 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 06 नयापारा महासमुंद को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### कृषि फार्म से 40 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** नरतोरा स्थित कृषि फार्म से 40 हजार रुपए के सामानों की चोरी हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि भेखराम पटेल पिता दक्षराम पटेल उम्र 32 वर्ष, ग्राम नरतोरा के बिजली आफिस के पास स्थित कृषि फार्म के कमरे के अंदर में रखे 2 बोरी धान, 3 नग सबमर्सिबल पंप 5 एचपी, 2 नग धान उड़ाने का पंखा, 3 नग चेप कटर मोटर पुरानी इस्तेमाली कीमत लगभग 40,000 रुपए की चोरी हो गई। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच 353 रोड अरिहंत राईस से पहले एक दुकान में शराब बिक्री की जा रही है। मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को पकड़ा गया जिसने अपना नाम नाम गौरव राजपूत पिता बबला राजपूत (20 वर्ष) वार्ड नं 14 पोटरपारा बागबाहरा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद बताया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### किराना व्यवसायी से मारपीट

**महासमुंद।** किराना व्यवसायी से मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि किराना व्यवसायी नवीन अग्रवाल पिता स्व हनुमान अग्रवाल (53 साल) लिमदरहा, चौकी भंवरपुर थाना बसना के दुकान में आकर उमेंद्र प्रजापति नशे में गाली गलौज कर रहा था, जिसे प्रार्थी ने वहां जाने कहा कि इसके बाद 5 बजे के आसपास प्रार्थी बाजार गया, जहां उमेंद्र अचानक आया और गले को पकड़ कर बिंधना(बरारी) से दाहिने सीने पर वार किया। बीचबचाव करने आए छोटे भाई राकेश अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल के साथ भी आरोपी उमेंद्र प्रजापति ने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# रक्षाबंधन के लिए सजा बाजार, बच्चों को लुभाएंगी लाइट वाली राखी

## भाई-बहन के स्नेह का त्योहार 9 अगस्त को, खरीदी के लिए पहुंच रहे ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में आने वाले भाई बहनों के स्नेह का त्यौहार राखी पर्व के लिए बाजार सज चुके । बहने अपने भाइयों के लिए राखी दुकानों में खरिदारी करने पहुंच रहे है। हालकि अभी बहने दुर में रहनें भाईयों को पोस्ट के द्वारा भेजने के लिए ही राखी की खरीदारी कर रहे है। इस साल राखी त्यौहार के लिए बाजार सज चुके है। शुरुआती दौर में बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियां अधिक पहुंची है। युवाओं के लिए ओम रुद्राक्ष, राशि स्टोन वाली राखियां मौजूद हैं। उच्च वर्गीय लोगों के लिए बाजार में सोने और चांदी की सुंदर कलात्मक राखियां उपलब्ध हैं। हालांकि, महिलाओं ने बाजार पहुंचकर राखियों की खरीदारी शुरू कर दी है। लेकिन अभी बाजार में रौनक कम है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार से लेकर देहात तक राखी की दुकानें सज गई हैं। इन दुकानों में चाइनीज के साथ-साथ मुंबई, राजस्थान, महाराष्ट्र तथा गुजरात के हाट निर्मित स्टोन राखियों का बाजार में दबदबा है। गंजपारा स्थित दौलत फैंसी स्टोर राखी के थोक एवं चिल्हर के विक्रेता ने बताया है कि उनके पास 1 रुपए से लेकर 300 रुपए तक के राखी उपलब्ध है। अभी भैया-भाभी की पेयर वाली राखियों की इस बार जबरदस्त डिमांड है। ये राखी 20 रुपए से लेकर 200 रुपए कीमतों तक राखी लोग खरीद रहे है। इस साल पहली बार एडी स्टॉस वाली भैया-भराखियों की सेट पहुंची है। जिसे लोग बहुत पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा छोटे बच्चों के लिए डोरेमान, स्पीनर तथा लाइट वाली रखी, मोटू-पतलू, स्पाइडरमै राखी बाजार में उपलब्ध है। इस बार बाजार में पखवाड़े भर पूर्व ही चहल पहल शुरू हुई है। इस बार बाजार में 2 रुपए से 500 रुपए तक की राखियां बिकने लिए पहुंचीं हैं।

### लाईट वाली राखी बच्चों को करेंगें आकर्षित

इस बार बाजार में बच्चों के लिए आई लाईट वाली राखी बच्चों के लिए आकर्षण केंद्र बनेगी । इस राखी की डीमांड नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को लुभा सकती है। जिसके चलते बाजार में इस राखी की डिमांड बढ़ी हुई है। यह राखी बाजार में 10 रुपए से लेकर 100 रुपए तक बेचे जा रहे है।



### दूसरे राज्य से आई है राखियां

राखी विक्रेता ने जानकारी दिया है कि राखी इस बार अहमदाबाद, मुंबई, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात एवं दिल्ली, कोलकाता जैसे बढ़े शहरों से राखी मंगाई गई है जिसमें हाट निर्मित स्टोन राखियों का बाजार में दबदबा बनी हुई है।

## समस्या : कोमाखान तहसील के किसानों की बढ़ी चिंता

# राजस्व रिकार्ड में त्रुटि से नहीं बना फार्मर आईडी, निराकरण की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कोमाखान क्षेत्र के किसानों की समस्या बढ़ी हुई है राजस्व रिकार्ड में ऑनलाइन त्रुटि होने के चलते फार्मर आईडी नहीं बनने से क्षेत्र के किसान चिंतित नजर आ रहे है।

किसानों की समस्या का समाधान पिछले 6 महीनों से नहीं हो पाया है जिसके चलते मंगलवार को लगभग 20 से 30 किसान कलेक्ट्रेट जनदर्शन चौपाल में अपनी समस्या को लेकर पहुंचे। मामला ग्राम पतेरापाली एवं आस पास के गांव की है। आनंद राम रात्रे, धनसाय एवं कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानो ने बताया है कि यह गांव कोमाखान तहसील के अंतर्गत आता है जिसे राजस्व रिकार्ड में त्रुटि कर उसे तहसील बागबाहरा कर दिया गया है जिसके चलते सभी गांववासियों का किसान फार्मर आईडी नहीं बन पा रहा है जिससे हमें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में हमारे द्वारा एसडीएम बागबाहरा को आवेदन दिया गया था लेकिन इस संबंध में आजपर्यंत तक कोई भी सूचना या समाधान प्रदान नहीं किया गया है। जिस कारण से हम सभी ग्रामीण परेशान है एवं भविष्य में किसान फार्मर आईडी नहीं बनने के चलते समर्थन मूल्य में धान बेचने एवं सरकार की कई योजनाओं से वंचित होना पड़ सकता है। किसानो ने बताया है कि यह समस्या आस पास के गांव बोइरगांव, मुड़पार, अमेरा, लोंदामुड़ा एवं नक्टामुड़ा के किसानो को भी हो रही है। आसपास के लगभग 200 से 300 किसानों की आईडी राजस्व रिकार्ड में त्रुटि होने के चलते नहीं बन पा रहा है।



### राज्य सरकार का आदेश बनी किसानों की समस्या

राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि बिना पंजीयन किसान न तो सहकारी समिति में धान बेच सकेंगे और न ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे। इस समस्या का निराकरण नहीं होने पर आने वाले दिनो में इन किसानो को अपने उपज बेचने एवं सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ सकता है जो इन किसानों के लिए एक गंभीर समस्या बन सकती है।

**जल्द होगा समस्या का निराकरण:** कलेक्ट्रर से मिलने के पश्चात आनंद राम रात्रे उपसरपंच, धनसाय रात्रे, बेदराम ठाकुर, तुलसीराम, सागर, नरेश, ईश्वर एवं कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया है कि कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आदेश दिया है कि एनआईसी भेज कर जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण करने को बोला गया है।

# रोजगार सहायक ने हितग्राही से की 5 हजार की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आवास योजना के दूसरी किस्त जारी

- आवास योजना के दूसरी किस्त जारी करने के एवज में मांगी रकम

करने के लिए रोजगार सहायक के द्वारा ग्रामीण से 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग करने का मामला सामने आ रहा है। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजना में भ्रष्टाचार करना गरीबों के लिए एक गंभीर समस्या उत्पन्न कर रही है।

जिले के ग्राम लभराकला निवासी उधोराम यादव ने बताया है कि ग्राम पंचायत लभरा कला में कार्यरत रोजगार सहायक श्रवण कुमार सिन्हा ने दूसरी किस्त जारी करने के एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की है। हितग्राही ने बताया है कि पहले किस्त में उनको 40 हजार प्राप्त हुए उसके बाद उन्होंने घर का निर्माण कार्य शुरु किया। इसके बाद रोजगार सहायक द्वारा छज्जा लेवल तक करने के बाद ही दूसरी किस्त जारी होगी एवं नए नियम के अधार पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए सोख्ता गड्ढे का निर्माण करने की बात कही। घर छत ढलाई के लेवल तक आ चुका है, जिसका ढलाई एक-दो दिन बाद होनी है। रोजगार सहायक ने रिश्वत की मांग करते हुए पिछले एक महीने से सर्वे नहीं किया है और दूसरी किस्त का इंतजार करना पड़ रहा है। वे अपने खेती कार्य के लिए रखे पैसे से घर की ढलाई कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे आने वाले दिनों में खेती कार्य के लिए आर्थिक तंगी जैसे समस्या से जूझना पड़ेगा। ऐसे मामलों से अब लग रहा है कि अब गरीबों को घर बनाने ने लिए मिलने वाला 1 लाख 20 हजार रुपए रिश्वत की भेंट चढ़ जा रहा है और मकान अधूरे और गरीबों का हक छिना जा रहा है। हितग्राही ने इसकी शिकायत जनपद अधिकारियों से की गई है। अधिकारियों द्वारा जांच कर रोजगार सहायक पर उचित कार्रवाई करने की बात कही गई है। लेकिन, ऐसे खुलेआम हितग्राहियों से रिश्वत की डिमांड करना कानून का भय इन जैसे रोजगार सहायक पर खत्म होते जा रहा है।

### पंचायत के द्वारा की जाएगी कड़ी कार्रवाई

इस मामले पर उपसरपंच ओमप्रकाश चंद्राकर ने कहा है कि इस तरह कोई भी पैसे का डिमांड नहीं कर सकते ये गरीब जनकल्याणकारी योजना सरकार का है और पैसा सरकार के द्वारा दिया जा रहा है तो हितग्राही किसी को रिश्वत लेने के एवज में परेशान करना एवं दूसरे किस्त के लिए सर्वे नहीं करना गलत है इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कड़ी कर्रवाई की जाएगी।

# गांजा तस्करी कर रहे वाहन ने बाइक को मारी ठोकर, 1 मृत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा तस्करी कर रहे वाहन के ठोकर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो जाने की खबर समाने आई है।

बता दें कि ओडिशा से गांजा लेकर महासमुंद की ओर आ रही कार क्रमांक ओआर 07 जेड 0093 राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पर हाड़ाबंद के पास एक बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी। बाइक सवार तीन लोगों मे से खुमान पटेल 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी और गुमान पटेल एवं तुलसी बाई घायल हो गये, जिन्हें 112 की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। कार चालक मौके का फायदा उठाकर कार छोड़ वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची खल्लारी पुलिस ने कार की डिक्की में रखे 37 पैकेट गांजा जब्त कर वजन किया तो गांजे का कुल वजन 189.950 किलो हुआ, जिसकी कीमत 28 लाख 49 हजार 250 रुपये आंकी गयी । खल्लारी पुलिस ने कार चालक पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी गयी है, वही दुर्घटना के मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### जमीन विवाद को लेकर धारदार हथियार से हमला

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया दुरपति पटेल ने एफआईआर दर्ज कराई कि उसके जेठ का लड़का योगेश पटेल पुरानी जमीन बाड़ी की बात को लेकर आपसी रंजिश रखता है। 21 जुलाई को शाम करीबन सात बजे के आसपास वह अपने पति के साथ घर के आंगन में थी, इसी बीच आरोपी योगेश पटेल एक लोहे का मुर्गा काटने वाला कत्ता लेकर आया और हम लोगों से गाली गलौच किया। साथ ही प्रार्थिया को मारने का प्रयास किया, जिससे वह भाग गई, इसके बाद उसके पति हंसराज पटेल के ऊपर जान से मारने के नीयत से प्राणधातक हमला करते हुए सिर में कत्ता से मारा दिया, जिससे हंसराज पटेल के सिर में गंभीर चोट तथा बांये कान के नीचे चोटे आई है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 109, 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# पारंपरिक व्यंजन गुलगुला भजिया व गुड़ चीला के भोग के साथ आज मनाया जाएगा हरेली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में छत्तीसगढ़ का पहला



त्यौहार हरेली आज मनाया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में इस त्यौहार का विशेष महत्व है। इस त्यौहार को लोग परंपरागत रूप से बड़े ही उत्साह के साथ मानते हैं। छग का पारम्परिक पर्व हरेली गुरुवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा।

जहां एक ओर किसानों ने कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते है वहीं बच्चों गेड़ी का आनंद लेते है। जिला मुख्यालय से लगे आस पास के गांवों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिलाता है। आज के दिन कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना कर कृषि कार्य को बंद रखा जाता है। पूजा में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन चीला एवं गुलगुला भजिया का भोग लगाया जाता हैं। घरों के मुख्य दरवाजे में नीम पत्ता बांधे नजर आऐगें।त्यौहार के दिन सुबह से ही तालाब के पनघट में किसान परिवार, बड़े बजुर्ग बच्चे सभी अपने गाय, बैल, बछड़े को नहलाते हैं। साथ ही खेती-किसानी, औजार, हल (नांगर), कुदाली, फावड़ा, गैंती को धोते हैं। इसके अलावा घर के आंगन में मुरूम बिछाकर पूजा के लिए सजाते हैं। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धूप-दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ के चीला का भोग लगाया जाता है। अपने-अपने घरों में अराध्य देवी-देवताओं के साथ पूजा करते हैं। गांवों के ठाकुरदेव की पूजा की जाती है।

### गेड़ी की ध्वनि लोगों को करती है आनंदित

हरेली तिहार के साथ गेड़ी चढ़ने की परंपरा अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी घरों गेड़ी का बनाया जाता है। परिवार के बच्चे और युवा गेड़ी का जमकर आनंद लेते है। गेड़ी बांस से बनाई जाती है। दो बांस में बराबर दूरी पर कील लगाई जाती है। एक और बांस के टुकड़ों को बीच से फाड़कर उन्हें दो भागों में बांटा जाता है। उसे नारियल रस्सी से बांधक़र दो पउआ बनाया जाता है। यह पउआ असल में पैर दान होता है जिसे लंबाई में पहले कांटे गए दो बांसों में लगाई गई कील के ऊपर बांध दिया जाता है। गेड़ी पर चलते समय रच-रच की ध्वनि निकलती हैं, जो वातावरण को और आनंददायक बना देती है।

### गुलगुला भजिया एवं गुड़ के चीला का लगेगा भोग

हरेली के दिन बच्चे बांस से बनी गेड़ी का आनंद लेते हैं। हरेली के दिन गृहणियां अपने चूल्हे-चौके में कई प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाती है। किसान अपने खेती-किसानी के उपयोग में आने वाले औजार नांगर, कोपर, दतारी, टंगिया, बसुला, कुदारी, सब्बल, गैती आदि की पूजा कर छत्तीसगढ़ी व्यंजन गुलगुला भजिया व गुड़हा चीला का भोग लगाते हैं। इसके अलावा गेड़ी की पूजा भी की जाती है।

## जीरो टालरेंस की बात कर रहे सीएम इधर, अधिकारी बेखौफ दे रहे भ्रष्टाचार को अंजाम

# दो-ढाई हजार में मिलने वाले स्प्रेयर को कृषि विभाग ने खरीदा 6300 में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बार-बार जीरो टालरेंस की बात

- 2.22 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार को अंजाम देने अपात्र फर्म को दिया क्रय आदेश

करने वाली भाजपा सरकार में कृषि विभाग में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई ना किया जाना यह साबित कर रहा है कि सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। पूरे साक्ष्यों के साथ की गई शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नही किया जाना प्रशासनिक मिलीभगत को सतह पर ला दिया है। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कृषि विभाग द्वारा मेटलेक पावर स्पेयर खरीदी में हुए 2.22 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के उजागर होने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उप संचालक कृषि द्वारा जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से लगभग 2 करोड़ 22 लाख रुपए का फर्जी तरीके से भ्रष्टाचार की नियत से 22.11.2024 को निविदा आमंत्रित कर अपात्र फर्म माता दी इलेक्ट्रिकल्स गरियाबंद को मेटलेक पॉवर स्पेयर 15 लीटर कीमत 6300 रुपए की दर से प्रति स्पेयर क्रय करने का आदेश दिया गया। जबकि, खुले बाजार में यही स्पेयर 2000 से 2500 रुपए की दर पर बिक रहे हैं। तीन गुना दर बढ़ाकर क्रय करने का षड्यंत्र रचा गया। सप्लायर द्वारा महासमुन्द ब्लॉक के लिये 695 नग, पिथौरा को 695 नग, बागबाहरा, बसना एवं सरायपाली ब्लॉक को 694-964 नग की आपूर्ति की गई। किसानों द्वारा अंश राशि जमा करने में असहमति व्यक्त करने पर इसका वितरण नहीं हो पाया।



चंद्राकर ने कहा कि कृषि विभाग में करोड़ों के भ्रष्टाचार उजागर होने पर मुख्यमंत्री को कार्रवाई के लिए किस बात का इंतजार है। शासन द्वारा जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई, यदि शासन द्वारा कार्रवाई का आदेश दिया गया है तो उसका पालन क्यों नहीं हुआ। क्या सरकार के आदेश का प्रशासनिक अधिकारी उल्लंघन कर रहे हैं, या शासन का प्रशासन पर अंकुश नहीं है? चंद्राकर ने आगे कहा कि उप संचालक कृषि कार्यालय महासमुंद भ्रष्टाचार करने के लिए जिले में सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल बन गया है। उप संचालक कृषि कार्यालय में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत कलेक्टर, कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी) के साथ-साथ विभागीय मंत्री तक को पुख्ता सबूतों के साथ अप्रैल 2025 से लगातार की गईं। कार्रवाई नहीं होने पर स्मरण पत्र भी इन्हीं अधिकारियों को भेजा गया। उसके बावजूद आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हो पायी। विभागीय मंत्री के संज्ञान में मामला आने के बाद भी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होना यह प्रमाणित करता है कि कहीं न कहीं सत्ता संरक्षण में ये अधिकारी खुलेआम लूट मचा रखा है। इसी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से भ्रष्टाचार की राशि अपने खाते में ली गई है, इसकी भी शिकायत कलेक्टर महासमुंद को 16 अप्रैल 2025 को किये जाने के बाद भी किसी तरह की कोई जांच कार्रवाई न होना कई तरह के संदेहों को जन्म देता है। विभागीय अधिकारियों के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारियों के मिलीभगत की आशंका है। चंद्राकर ने कहा कि यही नहीं उप संचालक कृषि द्वारा जैविक खेती मिशन अंतर्गत किसानों को 10 हजार रुपए के जैव आधारित कीट प्रबंधन तत्व एवं अन्य वस्तुएं दिए जाने का प्रावधान संचालक, कृषि द्वारा दिया गया। जिसे न मानते हुये जिस वस्तु का उल्लेख आदेश में नहीं है मेटलेक पॉवर स्पेयर जो नार्म्स में नहीं है, को क्रय कर कृषकों को लेने हेतु बाध्य किया गया। इस पर चंद्राकर द्वारा जानकारी ली गई तो गंभीर तथ्य सामने आए।

# शराब की अवैध बिक्री आरोपियों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब जब्ती के तीन मामलों में जिले की पुलिस ने कार्रवाई की है। महासमुंद पुलिस ने मुढ़ेना फर्शी खदान के पास पहुंचकर शराब विक्रय करते हुए राकेश ध्रुव को घेराबंदी कर पकड़ा और उसके कब्जे से एक काले रंग के बैग के अंदर से 32 पौवा शोले मसाला देशी शराब, कीमत 3200 रुपए एवं बिक्री रकम 600 रुपए कुल 3800 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इसी तरह सरायपाली पुलिस ने आरोपी रामलाल निषाद पिता श्रीधर निषाद (32 साल) लिमऊगुडा के कब्जे से छह लीटर शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया और




आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। वहीं एक अन्य मामले में सरायपाली पुलिस ने बैदपाली रोड साप्ताहिक हाट बाजार के पास दो लोगों जितेंद्र दास पिता स्व पुनीतराम दास (34 वर्ष) इच्छापुर और उजल भोई पिता हरि भोई (36 वर्ष) केना के कब्जे से 45 नग शोले ब्रांड की देशी शराब, कीमत 3600 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप

### बीपी समस्या की जांच कल



**महासमुंद।** शांति विजय परिसर लभराखुर्द स्थित सोहम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 25 जुलाई शुक्रवार को सुबह 11 से 1 बजे तक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर उपलब्ध रहेंगे। बीपी की समस्या, चलने में हाफना, सोने में दर्द या दबाव का उपचार किया जाएगा।। जिसमें ईसीजी, इको एंड लिपिक प्रोफाइल में 50 प्रतिशत की छूट रहेगा।

### डेली नीड्स संचालक के घर चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा के एक डेली नीड्स संचालक के घर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि जय अंबे डेली नीड्स दुकान संचालक व वार्ड तीन थानापारा निवासी गोपाल शर्मा 15 जुलाई को अपनी पत्नी के साथ सामान खरीदने रायपुर गए थे। घर में उनकी मां, दो लड़कियां और भतीजी थी एवं एक लड़की स्कूल गयी थी, बड़ी लड़की जिज्ञासा शर्मा शाम 5.30 बजे स्कूल से आई तो उसने कॉल कर बताया कि घर का आलमारी खुला हुआ है। जब प्रार्थी वापस आया तब उनकी मां ने बताया कि दोपहर 1.30 बजे सभी पड़ोसी यहां चले गये थे, शाम करीबन 5.30 बजे घर आये जो देखे कि घर का आलमारी टूटा हुआ था। आलमारी को चेक किया, जिसमें रखे नगदी रकम, सोने का एक नग चेन, तीन नग अंगूठी, एक नग हार, कान का झुमका, एक नथनी, चांदी का पायल दो जोड़ी को किसी ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जिला जेल में नशा रोकथाम के विषय पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल में बंदियों और स्टॉफ के बीच नशा रोकथाम प्रबंधन के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बंदियों और स्टॉफ को नशा के रोकथाम प्रबंधन विषय पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल साहू आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज ने भागवताचार्य को दिया स्वर्ण दंपति सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने बेलगांव (साजा) निवासी भागवताचार्य पं. कृष्णा प्रसाद शुक्ला और चंद्रावली शुक्ला को स्वर्ण दंपति सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें विवाह के 50 वर्ष पूर्ण होने पर दिया गया। साथ ही परिवार द्वारा 500 नग पौधे रोपे गए। समाज की अध्यक्ष भारती किरण शर्मा सहित अनेक अतिथियों एवं ब्राह्मण समाज के दूरदराज से आए समाजजनों ने अतिथियों का स्वागत किया। पं. शुक्ला दंपति महामाया मंदिर रायपुर के ज्योतिषी एवं भागवताचार्य समाजसेवी पं. मनोज शुक्ला, पं. चंद्रशेखर शुक्ला, संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला, पं. राजेश शुक्ला, ममता पांडेय व माया तिवारी के माता-पिता हैं।

# इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन सशक्त शिक्षकों के निर्माण का उत्तम अवसर : डॉ. हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



बदलते शैक्षणिक परिवेश में जब देश को योग्य, प्रशिक्षित और नैतिक मूल्यों से युक्त शिक्षकों की नितांत आवश्यकता है, ऐसे समय में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमंत खटकर द्वारा ग्राम अटारी एवं गोमती में आयोजित पौधरोपण एवं करियर काउंसिलिंग सत्र नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ।

इस कार्यक्रम के केंद्र में रहा इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) एक ऐसा चार वर्षीय पाठ्यक्रम जो स्नातक स्तर की शिक्षा के साथ-साथ शिक्षक प्रशिक्षण का समावेश करता है। डॉ. खटकर ने बताया कि यह कोर्स विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से समृद्ध बनाता है, बल्कि व्यवहारिक शिक्षण क्षमताओं को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा, जैसे एक पेड़ समाज को जीवनदायिनी ऑक्सीजन देता है, वैसे ही एक शिक्षक समाज को ज्ञान और संस्कार प्रदान करता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में नैतिक मूल्यों, तकनीकी दक्षता और नवाचार आधारित शिक्षा की महत्ता पर ज़ोर देते हुए बताया कि एक शिक्षक केवल विषय का ज्ञाता नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और समाज निर्माता होता है। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटारी एवं गोमती के छात्र-छात्राओं ने न केवल पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण में भाग लिया, बल्कि शिक्षण क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आईटीईपी की उपयोगिता को भी समझा। छात्राओं ने डॉ. खटकर के प्रेरणास्पद मार्गदर्शन को सराहते हुए कहा कि उन्हें अब अपने भविष्य की दिशा स्पष्ट रूप से नजर आने लगी है।

कार्यक्रम में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रोफेसरगण डॉ.गजपाल, डॉ.अग्रवाल, डॉ. देशमुख, डॉ.साहू सहित अन्य शिक्षकगण एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही स्थानीय विद्यालयों के शिक्षक व छात्र-छात्राओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। अंत में डॉ. खटकर ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, यदि आप शिक्षा के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाना चाहते हैं, तो आईटीईपी आपके लिए एक सुनहरा अवसर है। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के अध्यापक शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेकर अपने सपनों को साकार करें।

# जन चौपाल में कलेक्टर ने सुनी जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कार्यालय के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल एक बार फिर आमजन के लिए राहत और उम्मीद का मंच साबित हुआ। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जन चौपाल में कुल 45 आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जन चौपाल की सबसे त्वरित समाधान के रूप में ग्राम खल्लारी निवासी भारत ध्रुव को तत्काल मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्राप्त हुआ। उनके आवेदन पर कलेक्टर लंगेह ने मौके पर ही समाज कल्याण विभाग को निर्देशित कर तत्काल ट्रायसाइकिल प्रदाय कराई। ध्रुव ने हर्षित भाव से कलेक्टर के हाथों मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्राप्त की और कहा कि यह सहायता उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि उनके जीवन में गति और सम्मान भी लौटाएगा। वहीं, ग्राम तिलईदादर की देवमति ध्रुव के श्रम कार्ड प्रकरण में भी त्वरित समाधान किया गया। तकनीकी कारणों से लंबित आवेदन को निरस्त कर नया पंजीयन कराया गया और श्रम अधिकारी को आज ही श्रम कार्ड देने निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में श्रम विभाग द्वारा उन्हें नया श्रम कार्ड जारी कर दिया गया।

इसी तरह ग्राम नर्रा कोमाख़ान निवासी लीलाराम पटेल ने जमीन अतिक्रमण पर रोक लगाने, ग्राम आमकोनी निवासी सुशीला बाई चक्रधारी ने पीएम आवाज़ अंतर्गत रोजगार गारंटी का पैसा दिलाने के लिए आवेदन, ग्राम पंचायत जगदीशपुर पिथौरा में श्मशान भूमि को मुक्त कराने, ग्राम तिलाईदादर निवासी पुष्पा निर्मलकर ने वात्सल्य योजना से लाभ दिलाने एवं देवमती ध्रुव ने श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया गया।

# जल मंत्री से भेंट, 224 करोड़ की जल योजना की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



संसदीय क्षेत्र में पेयजल संकट की गंभीर समस्या को लेकर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील से मुलाकात कर इस ओर ध्यानाकर्षण कराया। इस दौरान उन्होंने लगभग 224 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित समूह जल प्रदाय योजना हेतु प्रारंभिक डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) एवं मांग पत्र सौंपते हुए विस्तार से क्षेत्रीय परिस्थिति की जानकारी दी। सांसद चौधरी ने बताया कि महासमुंद और गरियाबंद सहित उनके संसदीय क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण अंचलों में भूगर्भीय जल स्तर तेजी से गिर रहा है, जिससे जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित नलजल योजनाएं असफल हो रही हैं। न केवल पीने के पानी, बल्कि कृषि कार्य और निस्तार के लिए भी लोगों को गहराते जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मंत्री पाटील को बताया कि इस नई समूह जल प्रदाय योजना से हजारों ग्रामीणों को सतही जल आधारित दीर्घकालिक समाधान मिलेगा, जिससे गर्मी के महीनों में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। प्रस्तावित योजना क्षेत्र की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, इससे क्षेत्र के निवासियों को लाभ मिलेगा। मंत्री पाटील ने सांसद के प्रस्तुतीकरण को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रस्ताव का अवलोकन कर आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करें और शीघ्र समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस मुलाकात के बाद उम्मीद की जा रही है कि महासमुंद संसदीय क्षेत्र के निवासियों को शीघ्र ही एक ठोस एवं दीर्घकालिक पेयजल समाधान प्राप्त होगा, जिससे वर्षों से जारी जल संकट की स्थिति में सुधार आएगा। सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा यह पहल क्षेत्र के विकास और जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# खम्हरिया सेक्टर की महिलाओं ने सीमाओं में तैनात वीर सैनिकों को भेजी रक्षासूत्र

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और महतारी वंदन हितग्राहियों द्वारा भेजे गए राखियां से जवानों की सजेगी कलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रक्षाबंधन पर देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों की कलाई इस बार जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका एवं महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों द्वारा भेजे गए राखियों से सजेगी। भाई बहन के इस अटूट प्रेम को दर्शाते इस पावन त्यौहार में देशभक्ति और स्नेह से भरा पत्र भी लिखकर भेजा जा रहा है। जिले की आंगनबाड़ियों में कार्यरत बहनों ने न केवल अपने हाथों से रक्षासूत्र (राखी) तैयार किए, बल्कि सैनिकों के नाम स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता से भरे पत्र भी प्रेषित किए। इस अवसर पर जिले के बागबाहरा परियोजना के सीडीपीओ मीना चंद्राकर, सेक्टर खम्हरिया के सुपरवाइजर हीरा ध्रुव, अमेठी के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व जिलाध्यक्ष सरोज चंद्राकर और महतारी वंदन की हितग्राही शांति चंद्राकर, टिमेश्वरी चंद्राकर, विंदा ध्रुव, परमेश्वरी यादव, उर्मिला नागेश, देवनती आटवंशी, त्रिवेणी निषाद, प्रीति ध्रुव, पदमा नागेश ने कहा कि बहनों के लिए उनके 'रक्षक' केवल खुद का भाई ही नहीं, बल्कि देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित हमारे वीर सैनिक भी हैं। जब तक हमारे सैनिक सीमा पर जागते हैं, तब तक हम सब देशवासी चैन की नींद सोते हैं। जब सैनिकों की कलाई पर यह राखी बंधेगी, तब सैनिक न केवल गौरवान्वित महसूस करेंगे बल्कि देश की रक्षा के लिए मजबूती से हमेशा डटे रहेंगे। खम्हरिया सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्रों में यह कार्यक्रम बड़े ही उत्साह से आयोजित किया गया।



### अवैध निर्माण पर प्रशासन की सख्ती, शासकीय वन भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**महासमुंद।** राजस्व विभाग द्वारा नगर के बीटीआई रोड स्थित शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को सख्ती से हटाया गया। यह कार्रवाई कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन प्रशिक्षण केंद्र के समीप शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। मौके की जांच उपरांत इसे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण मानते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, नायब तहसीलदार मोहित अमिला एवं आरआई मनीष श्रीवास्तव सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

# रिटायर्ड इंजीनियर की पत्नी व समाज सेविका को डिजिटल अरेस्ट कर करीब 34 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी किए जाने का दूसरा सामने आया है। इस बार रिटायर्ड इंजीनियर और ग्राम बीकेबाहरा निवासी एक बुजुर्ग महिला को गिरफ्तारी का भय दिखाकर करीब 34 लाख रुपए की ठगी अज्ञात आरोपियों ने कर ली। इससे पहले बसना थाना अंतर्गत ग्राम जगदीशपुर निवासी एक महिला के साथ साढ़े पांच लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आ चुका है। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कोतवाली पुलिस दिए गए अपने आवेदन में ग्राम बीकेबाहरा की हेमलता साहू पति विक्रम लाल साहू (64 वर्ष) ने बताया कि उनके पति विक्रम लाल साहू जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त उप अभियंता है और वह समाज सेवा करती है। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि 8 जुलाई को करीब 11 बजे फोन आया था और फोन करने वाले ने खुद को क्राइम ब्रांच कोलाबा थाना मुंबई का साइबर क्राइम ऑफिसर बताया और उसके वाट्सएप नंबर से एक भारतीय रिजर्व बैंक का मनी लांड्रिंग से संबंधित नोटिस भेजा और कहा सस्पेक्ट एटीएम कार्ड पकड़े गये है जिसमें एक एटीएम कार्ड उसके नाम का भी है। फोन करने वाले ने मुझे कहा कि मेरे कैनरा बैंक के खाते में नौ सौ करोड़ जमा हो गया है। इसके बाद एक अन्य नंबर से वीडियो कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाला पुलिस यूनिफार्म में था। उस व्यक्ति ने भी मुझे गिरफ्तार करने की धमकी दिया और कहा कि अगर सही-सही जानकारी मिलेगी तो वे मेरा सहयोग करेंगे। तब महिला ने कहा कि मेरा कैनरा बैंक में खाता नहीं है और बताया कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा बृहस्पति बाजार बिलासपुर में खाता है। जिस पर फोन करने वाले ने मुझसे मेरे खाते में बैलेस पूछा, तब मैंने बताया कि मेरे खाते में 50-60,000 रुपए हैं।

साथ ही फोन करने वाले व्यक्ति ने धमकी दिया कि यदि मैं इस संबंध में किसी को बताऊंगी तो उसके पुत्र और पति को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इसके बाद उसने मुंबई कोलाबा पुलिस स्टेशन में आने के लिए कहा तब मैंने उस व्यक्ति से कहा कि मुंबई नहीं जा सकती। तब उसने मेरे बैंक खाता के संबंध में जानकारी पूछा और मुझे तत्काल बिलासपुर जाने हेतु बोला फिर मैंने बोला कि मुझे काम है, मैं बिलासपुर 09 तारीख को जाऊंगी। इस पर फोन करने वाले ने एफडी के बारे में पूछा तब मैंने उस व्यक्ति को 8 लाख का एफडी होना बताया। इसके बाद उसने एफडी तुड़वाकर आरटीजीएस के माध्यम से दिए गए खातानंबर में रकम ट्रांसफर करने कहा। जिस पर उसने 11 जुलाई को एफडी को तोड़कर 9,49,734 रुपए ट्रांसफर कराया। उसके बाद उन लोगों ने मुझे डराकर पैसे के संबंध में पूछताछ किया तब वह डरकर अपने म्यूच्युअल फंड जो कि बिरला सन लाईफ एवं एस बी आई म्यूच्युअल फंड के संबंध में जानकारी दिया। तब उसने मुझे अरेस्ट करने की धमकी देते हुए उक्त दोनों म्युच्युअल फंड में निवेश किये गये पैसों को दिए गए बैंक खाते में ट्रांसफर करने के लिए कहा, जिस पर उसने 17 जुलाई को अपना म्युच्युअल फंड आदित्य बिरला सन लाईफ से 19,44,869 रुपये एवं एसबीआई म्यूच्युअल फंड 5,28,605 रुपए ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद उस व्यक्ति ने कहा कि मेरे द्वारा ट्रांसफर किए गए कुल 33,99,734 रुपए आरबीआई के माध्यम से वापस आ जायेगा और गिरफ्तारी भी नहीं होगी। उसके बाद वाट्सएप पर एक पत्र भेजा जिस पर लिखा हुआ था कि मुझे बरी कर दिया गया है। लेकिन, जब रकम खाते में वापस नहीं आई तब उसे पता चला की वह धोखाधड़ी का शिकार हुई है। मामले में धारा 318(4) 319(2) बीएनएस, 66 डी आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# अनुशासनहीनता पर सख्तीः विद्यालय निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों को जारी किया गया शोकॉज नोटिस

**महासमुंद।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खल्लारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रारंभ होने का समय प्रातः 10 बजे होते हुए भी विद्यालय के सात व्याख्याता समय पर उपस्थित नहीं पाए गए।

विद्यालयीन व्यवस्था की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा स्वयं प्रार्थना सत्र संपन्न कराया गया। निरीक्षण में प्रभारी प्राचार्य सविता चंद्राकर सहित व्याख्याता सुमन चंद्राकर, भूषण सिरमौर, लक्ष्मीधर चंद्राकर, पूरी हरपाल, सरोज सिंह मर्सकोले, वेणुका साहू, ग्रंथपाल राजेंद्र चौहान तथा व्यावसायिक शिक्षक सुभाष साहू अनुपस्थित पाए गए।

अनुशासनहीनता एवं समय पालन में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बागबाहरा द्वारा उपरोक्त सभी शासकीय सेवकों को शोकॉज नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। निरीक्षण उपरांत अनुविभागीय अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि विकासखंड अंतर्गत संचालित सभी शासकीय विद्यालयों में समय पालन एवं शिक्षकीय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सतत निरीक्षण व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभारी प्राचार्य नियमित रूप से विद्यालयीन गतिविधियों की निगरानी करें तथा अनुपस्थित पाए जाने पर तत्काल शोकॉज नोटिस जारी करते हुए नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित करें। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक अनुशासन की बहाली के लिए प्रशासन पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू ने यह भी स्पष्ट किया कि आगे भी इस प्रकार के निरीक्षण किए जाते रहेंगे तथा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। कार्रवाई में तहसीलदार नितिन ठाकुर उपस्थित रहे।

### 16 आईफोन मोबाइल के साथ ठग गिरफ्तार लोन फाइनेंस कराने के नाम पर करता था ठगी

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लाख रुपए कीमत के 16 आईफोन मोबाइल बरामद किया है। आरोपी महंगा मोबाइल की खरीदी कराने के लिए लोगों को लोन फाइनेंस कराने का झांसा देकर न केवल उनसे लोन की प्रक्रिया पूरी कराता था, बल्कि नए मोबाइल के साथ फोटो खिंचवाकर उन्हें मोबाइल नहीं दिलवाकर सिर्फ लोन की किस्त जमा कराता था। खम्हारडीह पुलिस के अनुसार कचना निवासी महेश्वरी फुटान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई ने एक लाख रुपए का एक मोबाइल लोन फाइनेंस में खरीदा था। इसके लिए उसने महेश्वरी को लालगंगा शॉपिंग मॉल में स्थित एचडीएफसी फाइनेंसर से मिलाया।

# स्टाफ व संसाधनों की कमी के चलते केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया जिला अस्पताल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल मरीजों के लिए एक रेफर सेंटर बनकर रह गया है। अस्पताल को मेडिकल कॉलेज के लिए अधिग्रहण 2021 में किया गया। लेकिन, सुविधाएं शून्य हैं। इस अस्पताल में आईसीयू की कमी, इंस्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, स्टाफ की कमी व्याप्त है।

जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी, अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं तथा अस्पताल का केवल रेफर सेंटर बनकर रह जाने जैसे स्थितियां नजर आ रही है। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में कर्मचारियों की भारी कमी है। जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। 616 स्वीकृत पदों में से केवल 41 पदों पर कर्मचारियों की भर्ती की गई है। 575 पद रिक्त हैं। स्टाफ नर्स के 176 स्वीकृत पदों में 175 पद रिक्त हैं। फार्मासिस्ट के 5 स्वीकृत पदों में पाँचों रिक्त हैं, सहायक अस्पताल अधीक्षक की नियुक्ति भी नहीं हो सकी। अनेक पद रिक्त हैं जिन्हें भरा जाना है। जिसमें प्रमुख : डायटिशियन स्वीकृत 1 पद में रिक्त 1 पद, बायोकेमिस्ट स्वीकृत 1- रिक्त 1, फार्मासिस्ट स्वीकृत 5- रिक्त 5, स्टाफ नर्स स्वीकृत 176-रिक्त 175, असिस्टेंट नर्सिंग सुपरिटेंडेंट स्वीकृत 1- रिक्त 1, टेक्टिनकल असिस्टेंट स्वीकृत 4 रिक्त 4, सुपरवाईजर स्वीकृत 2 रिक्त 2, टेक्निशियन स्वीकृत 3 रिक्त 3, ईसीजी टेक्निशियन स्वीकृत 2 रिक्त 2, रेडियोग्राफर स्वीकृत पद 3 रिक्त 3, वार्ड ब्वाय स्वीकृत 205 रिक्त 203, लैब अटेंडेंट स्वीकृत 6 रिक्त 6, स्ट्रेचर बेयरर स्वीकृत 6 रिक्त 6, अटेंडेंट स्वीकृत 4 रिक्त 4 हैं। यही नहीं और भी ऐसे अनेक पदों की स्वीकृत हैं जो पूरी तरह से रिक्त हैं। जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाएं स्ट्रेचर पर हैं।

### दीपिका अवधिया को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी के



कंप्यूटर साइंस एवं इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की शोधार्थी दीपिका अवधिया ने 'फोरकास्टिंग लांग रेंज मानसून रेनफॉल ओवर मैनपाट ऑफ छत्तीसगढ़ इंडिया यूसिंग डिप लर्निंग' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। यह शोधकार्य उन्होंने प्रोफेसर विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश चंद्राकर के निर्देशन में पूर्ण किया। वे वर्तमान में अग्रसेन महाविद्यालय के कंप्यूटर संकाय में बतौर सहायक प्राध्यापक और एनएसएस प्रभारी कार्यरत हैं।

# रायपुर पश्चिम से निकलेगी बैंड बाजे के साथ कांवड़ यात्रा भोलेनाथ की महिमा का गुणगान, आकर्षक झांकी भी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रविवार प्रातः 9:30 बजे गढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा मुख्य मार्ग गुढ़ियारी से होते हुए पड़ाव, शुक्रवारी बाजार, खालबाड़ा, रामनगर से ओवर ब्रिज तेलघानी नाका से होते हुए अग्रसेन चौक मार्ग, अमापारा, लाखेनगर, अश्वनी नगर मुख्य मार्ग से होकर बाबा हाटकेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां भक्तगण जल अर्पण करेंगे। अलग अलग स्थान पर पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और भंडारे की भी व्यवस्था की जाएगी।

राजधानी के हनुमान मंदिर गुढ़ियारी से 3 अगस्त को धूमधाम से भव्य कावड़ यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से लोककलाकारों की टोली बाबा की महिमा का गुनगान करने पहुंच रही है। रायपुर पश्चिम विधानसभा से विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में होने जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक राजेश मूणत ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ को दिशा निर्देश दिए। रायपुर के सभी जिला एवं मंडल पदाधिकारियों को यात्रा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौपी गई। श्री मूणत ने इस मौके पर कहा कि कावड़ यात्रा का यह कार्यक्रम अपनी भव्यता के लिए सदैव राजधानी सहित आसपास चर्चित रहा है ,और यह आप सभी के परिश्रम और सहयोग से यह संभव हुआ है । श्री मूणत ने कहा इस वर्ष कावड़ यात्रा को और भी अधिक भव्यत प्रदान करने स्थानीय लोक कलाकारों के अलावा अन्य प्रदेशों के कलाकारों को भी अपनी प्रस्तुति देने निमंत्रित किया है।

## खबर संक्षेप

### सेजेएम कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 तक

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में नियमित प्रवेश के इच्छुक समस्त छात्र-छात्राओं के लिए पं. रविशंकर शुक्ल विवि के अधिसूचना के परिपालन में तृतीय चरण में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 25 जुलाई है। जिनका नाम तृतीय सूची में है, वे पूर्वान्ह 12 बजे तक प्रवेश प्राप्त ल सकते हैं। तत्पश्चात रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिया जाएगा। सभी प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं 25 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक अपना प्रवेश हेतु आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा कर सकते है। प्रवेश कार्य कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक किया जाएगा।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए एसएमएस के यूआरएल से भी प्रवेश पत्र प्राप्त किया जा सकता है। व्यापम ने परीक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। वहां पहचान पत्र से सत्यापन और फ्रिस्किंग के बाद ही प्रवेश के बाद किसी को भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा से एक दिन पहले ही अपने परीक्षा केंद्र की स्थिति देख लें। प्रवेश पत्र डाक से नहीं भेजा जाएगा। परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट साथ लाना अनिवार्य है।

### गुड शेफर्ड में मनाया गया राष्ट्रीय झंडा दिवस

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में राष्ट्रीय झंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने हमारा राष्ट्र ध्वज लहराकर राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए झंडा ऊंचा रहे हमारा गीत गाया। कक्षा पांचवीं की नौशबा खान ने राष्ट्रीय झंडा दिवस का इतिहास बताते हुए कहा कि यही वह महान एवं गौरवशाली दिन था 22 जुलाई 1947 जब संविधान ने हरा, केसरिया एवं सफेद रंग को समानानुपात में राष्ट्र ध्वज के लिए चुना और हमें गर्व है कि तिरंगा हमारा सम्मान का प्रतीक है। कक्षा आठवीं की मन्नू दीवान ने हमारे तिरंगे का महत्व बताते हुए कहा कि तिरंगे के तीनों रंग शांति, सम्पन्नता और सौहार्द का प्रतीक है एवं अशोक चक्र हमारे देश के विकास तथा गतिशीलता का। प्रधानाचार्य मिताली गुरुंग ने बच्चों को कहा कि हमें हमेशा अपने राष्ट्र ध्वज का सम्मान करना चाहिए। हम अपने राष्ट्र ध्वज के छांव तले सुरक्षित अनुभव करते हैं। प्रेरणा साहू ने सभी को झंडा दिवस की बधाई देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर सारे शिक्षक उपस्थित थे।

## निधन

### नागेश सेन



**महासमुंद।** स्थानीय शीतली नाला खै रा भा ठा निवासी नागेश (छोटू) सेन 30 वर्ष का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे कुमार सेन के सुपुत्र व मनहरण सेन, गोविंद सेन के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार भलेसर रोड राजामठ मुक्तिधाम में किया गया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : जिले में 31 तक बीमा कराने की अंतिम तिथि

# पोर्टल अपडेट व डाटा प्रविष्टि के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खरीफ वर्ष 2025 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले में ग्राम स्तर पर धान (सिंचित/असिंचित), मक्का, सोयाबीन तथा राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर मूंगफली, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों को अधिसूचित किया गया है। संबंधित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित है। किसानों की समय पर पंजीयन एवं सही डाटा प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए आज उप संचालक कृषि के प्रशिक्षण हाल में वित्तीय संस्थाओं, बैंक शाखाओं, सीएससी, लैंपस, समितियों के प्रबंधकों तथा डाटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान फसल बीमा पोर्टल में कृषक विवरण की सफल प्रविष्टि, प्रीमियम कटौती प्रक्रिया, अधिसूचित फसलों का चयन, त्रुटि सुधार एवं पोर्टल पर आंशिक अपडेट की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से जानकारी दी गई। एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड, पंडरी (रायपुर) से आए बीमा प्रतिनिधियों, सहायक प्रबंधक अनुराधा ठाकुर एवं सहायक प्रबंधक आशुतोष ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक डेमो के साथ प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक महासमुंद अविनाश शर्मा, कृषि विकास अधिकारी मनोज पटेल, जिला समन्वयक बीमा कंपनी महासमुंद रंजीत कुमार साहू तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक योगेश कुमार चंद्राकर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी संबद्ध संस्थाओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिकाधिक किसानों का बीमा कराने की अपील की।

### ऑनलाइन में समस्या से हजारों किसान प्रभावित

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत तीन चार माह से बागबाहरा और कोमाखान तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पतेरापाली, पतेरापाली स, साल्हेभांटा व हमनाम अन्य ग्रामों में ऑनलाइन ग्राम के पंजीकृत किसानों का डाटा मिसमैच हो गया है। जिसके कारण आज दिनांक तक किसानों की किसान आईडी, एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया है और ऑनलाइन गड़बड़ी के कारण उनको मिलने वाली किसान सम्मान निधि और फसल बीमा होने में भी समस्या होगी। जबकि, फसल बीमा होने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इसी प्रकार डबल इंजन सरकार में ऑनलाइन रजिस्ट्री का नामांतरण जून माह से प्रारंभ किया गया है। परन्तु, आज दिनांक तक तहसीलदारों और पटवारियों को उसकी ऋण पुस्तिका बनाने या बटांकन, नक्शा काटना आदि कार्यों को करने का कोई स्पष्ट आदेश नहीं हुआ है। जिसके चलते रायपुर जिले में लगभग 3000 रजिस्ट्री व महासमुंद में लगभग 2000 रजिस्ट्रियां हुई हैं, जिनका की ऋण पुस्तिका का दुरुस्तीकरण लंबित है। जिसके चलते किसान ऋण नहीं ले पा रहा है और ना ही किसान आईडी बनवा पा रहा है और ना ही स्वयं के नाम पर खाद पा रहे है। ऊपर से यही हाल रहा तो 31 जुलाई से पहले किसान अपना फसल बीमा करवाने से भी वंचित रह जाएंगे। इसी की वस्तुस्थिति देखते हुए व पतेरापाली स के किसानों से प्राप्त आवेदन व पतेरापाली के किसानों के साथ बागबाहरा एसडीएम कार्यालय में दोनों प्रमुख मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करने ज्ञापन सौंपा गया और तत्काल समस्या का समाधान करने की मांग की गई। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ सेवक बघेल, केवल यादव उपसरपंच ग्राम पतेरापाली, ज्योतिष पटेल पंच, तामेश्वर निषाद पूर्व सरपंच, कार्तिक निषाद, रमेश पटेल, सुरेश पटेल, रोशन साहू आदि किसान मौजूद थे।



### शिक्षिकाओं को दी गई भावभीनी विदाई

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला लाफिन कला की शिक्षिका कल्पना साहू, क्षमता साहू, सरोज ठाकुर, बरखा भालेराव का युक्तियुक्तकरण के तहत अन्यत्र शाला में स्थानांतरण होने पर चारों शिक्षिकाओं को शाला परिवार व ग्रामीणों ने समारोह आयोजित कर ससम्मान भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक खेमराज ध्रुव, पूर्व सरपंच केतन साहू, पूर्व उप सरपंच कमलेश कुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोहद्रा साहू, प्रीति साहू ने शाला में इन शिक्षिकाओं द्वारा किये गये कार्यों की सराहना किए। वही शिक्षिकाओं ने साथ बिताए हुए पलों को याद किया। संकुल समन्वयक लक्ष्मीनाथ सकरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। बच्चों व संस्था की ओर से शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षिका खुमलता साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश साहू, शिक्षाविद यादराम साहू, सदस्यगण त्रिलोचन साहू, कुश साहू, गिरधर साहू, तुकाराम साहू, शांति बाई यादव, कुसुमलता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऋषि साहू, रसोईया भागवती निषाद, आरती पटेल, ग्रामीण बिंद्रा पटेल, ममता साहू, पुष्पा साहू, दुर्गा निषाद, व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिले में आधार पंजीयन के लिए चयनित ऑपरेटरों को अनुबंध प्रक्रिया पूर्ण करने के दिए निर्देश

**महासमुंद।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स, रायपुर द्वारा जारी निर्देशानुसार आधार पंजीयन कार्य इन-हाउस मॉडल के अंतर्गत संचालित किया जाना है। इसी क्रम में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, महासमुंद द्वारा आधार केन्द्र संचालन के लिए चयन प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यालयवार चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। निर्देशानुसार चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार अनुबंध प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा। अनुबंध पत्र के साथ एक लाख पचास हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक शाखा महासमुंद में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के खाता क्रमांक 33215336104 के नाम देय होगा। प्रतीक्षा सूची को एक वर्ष के लिए वैध माना गया है। यदि चयनित अभ्यर्थी कार्य करने में असमर्थ रहते हैं या यूआईडीएआई द्वारा निलंबित अथवा बर्खास्त किए जाते हैं, तो प्रतीक्षा सूची के अनुसार अन्य पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 29 जुलाई 2025 को अपरान्ह 05 बजे तक कलेक्टर कार्यालय महासमुंद के कक्ष क्रमांक 22 में स्वयं उपस्थित होकर अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ब्रदर्स 11 ने बेलसोंडा प्रीमियर लीग का खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



युवा क्रिकेट क्लब बेलसोंडा द्वारा आयोजित बेलसोंडा प्रीमियर लीग का समापन मंगलवार को हुआ। फ़ाइनल मुकाबला ब्रदर्स 11 और आयांस 11 के बीच खेला गया। जिसमें ब्रदर्स 11 ने टास जितकर बोलिंग करने का फैसला लिया। यह मैच दस ओवर का था, जिसमें आयांस 11 पहले बेटिंग करते 79 रन ही बना पाई। फिर ब्रदर्स 11 ने यह टारगेट 6 ओवर 5 बाल में चेज कर लिया।

चेज करते हुए 8 विकेट से शानदार जीत हासिल की। इस फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच दुष्यंत रहे। जिसमें बेलसोडा प्रिमियर लीग के बेस्ट बैट्समैन तुषार चंद्राकर अथवा बेस्ट बॉलर तोयेश निर्मलकर दोनों खिलाड़ियों को ट्रॉफी और 5500-5500 सौ रुपए नगद पुरस्कार जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर द्वारा प्रदान किया गया।

एमबीपी संशाक (विन्नी) चंद्राकर रहे, उसको 7700 रुपए व ट्राफी विकास सिंग ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया। फाइनल विजेता टीम टीम को 75 हजार एवं उप विजेता टीम को 40 हजार एवं ट्राफी युवा क्रिकेट क्लब द्वारा प्रदान किया गया। आयांश 11 उपविजेता रही। समापन समारोह में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता टीम ब्रदर्स 11 को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विशेष अतिथि के रूप में बेलसोंडा के सरपंच प्रीति धीवर, पंचगण राजेश्वर चंद्राकर, पूजा शाहनी, कुंती धीवर, वीणा धीवर आदि मौजूद रहे।



### एक पेड़ मां के नाम के तहत मंडी परिसर में किया गया पौधारोपण

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी के कृषि सहकारी समिति मंडी परिसर में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत सामूहिक पौधारोपण किया गया। इस मौके पर फलदार, औषधीय पौधे रोपे गए। इस दौरान गांव के सरपंच रूपा ध्रुव, मंडी अध्यक्ष रामेश्वर पाण्डेय, उपसरपंच शंकर सोनी, चिंगरौद सरपंच छेरकू जलछत्री, वार्ड पंच मासूम पाण्डेय, मनीष यादव समिति प्रबंधक हेमलाल साहू, सोसाइटी सेल्समैन तुलाराम साहू एवं मंडी के सभी कर्मचारियों के साथ ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### स्कूलों में जाकर खोल रहे स्टेट बैंक का खाता, स्कूली बच्चों में उत्साह

**भंवरपुर।** छत्तीसगढ़ में शासकीय स्कूलों में भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। साथ ही साथ पढ़ाई भी शुरू हो चुका है, जिसमें सभी छात्रों को बैंक से खाता खुलवाना भी अनिवार्य रूप से सरकार द्वारा निर्देश जारी किया गया है। बसना ब्लॉक के अंतर्गत बूटीपाली में मिडिल स्कूल के बच्चों का निःशुल्क का स्टेट बैंक द्वारा खाता खोला गया।

# मातृ वंदना योजना से जिले के 20357 हितग्राहियों को मिले 10 करोड़ 17 लाख 85 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इमली भाठा महासमुंद की रहने वाली गायत्री देवांगन एक साधारण लेकिन सजग महिला हैं, उनका जीवन और परिवार केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। वह न केवल एक कुशल गृहिणी हैं, बल्कि समाज की उन महिलाओं में से एक हैं, जिन्होंने योजनाओं की जानकारी लेकर उनका भरपूर लाभ उठाया और अपने परिवार को सशक्त बनाने की ओर कदम बढ़ाया।

गायत्री ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के अंतर्गत पहली बार मां बनने पर 5,000 रुपए की सहायता राशि प्राप्त की। इस राशि का उपयोग उन्होंने प्रसव पूर्व पोषण और स्वास्थ्य जांच में किया, जिससे गर्भावस्था के दौरान बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सकी। इस योजना से उन्हें 5 हजार की सहायता दो किस्तों में प्राप्त हुई। इसी तरह राज्य सरकार की कौशल्या मातृत्व सहायता योजना के तहत गायत्री को दूसरी बार गर्भधारण पर अतिरिक्त सहायता राशि प्राप्त हुई। इस योजना से दूसरी बार गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया जाता है। ताकि मातृ के दौरान आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। इससे उन्हें 6 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई।

राज्य सरकारी की महती योजना महतारी वंदन के तहत उन्हें हर महीने 1,000 की आर्थिक सहायता मिल रही है। इस राशि से वे बच्चों की पढ़ाई, पोषण और रसोई खर्च जैसे छोटे-छोटे ज़रूरतें पूरी करती हैं। गायत्री मानती हैं कि यह योजना उनके परिवार की मासिक मदद बन गई है। दो बेटियों की मां गायत्री ने नोनी सुरक्षा योजना का लाभ उठाकर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने का बड़ा कदम उठाया।

बेटियों के जन्म के साथ ही उनके नाम पर नवजात कन्या सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 साल तक 5-5 हजार रुपए की राशि जमा की गई, जो उन्हें भविष्य में शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में सहारा देगी। 18 वर्ष के पश्चात एक लाख रुपए की राशि प्राप्त होगी। गायत्री के पति एक वेल्डर हैं। आय सीमित होते हुए भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी। गायत्री ने आंगनबाड़ी से जुड़कर न केवल पोषण और स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की, बल्कि अन्य महिलाओं को भी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। आज गायत्री का परिवार संतुलित पोषण, सुरक्षित मातृत्व और बालिका शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वे कहती हैं अगर हम योजनाओं की जानकारी लें और उनका सही उपयोग करें, तो कोई भी कठिनाई बड़ी नहीं लगती।

उल्लेखनीय है कि महासमुंद जिले में विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित है। जिसके अंतर्गत पात्र गर्भवती महिलाओं को पहली किस्त में 3 हजार एवं दूसरी किस्त 2 हजार रुपए प्रसव के बाद व शिशु का टीकाकरण होने पर मिलता है। महिलाए एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेन्द्र जटवार ने बताया कि जिले में सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल रहा है। योजनांतर्गत कुल 17075 हितग्राहियों के आवेदन के विरूद्ध 3282 बैकलाग हितग्राही सहित 20357 हितग्राहियों को 10 करोड़ 17 लाख 85 हजार रुपए भुगतान किया गया है। उन्होंने सत्रवार जानकारी देते हुए बताया कि जिले में योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में दर्ज 7330 हितग्राहियों के विरूद्ध 3627 हितग्राहियों को राशि भुगतान, वित्तीय वर्ष 2024-25 में दर्ज 8227 हितग्राहियों के विरूद्ध 14722 हितग्राहियों को राशि भुगतान एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में दर्ज 1518 हितग्राहियों के विरूद्ध 2008 हितग्राहियों को राशि भुगतान पीएफएमएस से डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया है। योजना अंतर्गत पात्र हितग्राही आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से अथवा स्वयं अपना ऑनलाईन पंजीयन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी पूरी तरह फेल आंदोलन में गिनती के कार्यकर्ता शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि पीसीसी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को शराब घोटाले में 1 हजार करोड़ और खाते में 16 करोड़ के मनी लांड्रिंग करने की वजह से प्रवर्तन निदेशालय ने पर्याप्त सबूत के आधार पर गिरफ्तार किया है। जिसके बाद से ही भूपेश बघेल बेटे चैतन्य बघेल की भ्रष्टाचार को छुपाने और बेटे को बचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस पार्टी को ईडी कार्यालय के बाहर लगातार धरना प्रदर्शन करने और प्रदेश में मुख्य मार्ग में चक्काजाम करने के लिए झोंक दी है।

# नवपदस्थ संयुक्त संचालक से टीचर्स एसोसिएशन ने किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन रायपुर संभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, जिलाध्यक्ष महासमुंद नारायण चौधरी के नेतृत्व एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, सुखनंदन साहू, जिला सचिव नंदकुमार साहू, कोषाध्यक्ष विजय प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, जिला उपाध्यक्ष खिलावन वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा महेंद्र चौधरी, ब्लॉक कोषाध्यक्ष गौरीशंकर पटेल, जिला पदाधिकारी पवन साहू, नमोकंकड प्रसाद तिवारी की विशिष्ट उपस्थिति में संभाग कार्यालय रायपुर में नव पदस्थ संयुक्त संचालक शिक्षा संजीव श्रीवास्तव से सौजन्य मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

# महांती समाज के संजय, तारिणी महिला मंच की शस्मिता व युवा मंच के अध्यक्ष मयंक बने







हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महांती समाज के सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन में तारिणी महिला मंच ने बड़े धूमधाम से सावन उत्सव मनाया। हरे परिधान में सभी महिलाओं ने विभिन्न मनोरंजक खेल कूल एवं डांस का प्रदर्शन किया। बहू बेटियों के साथ सभी बुजुर्ग एवं वरिष्ठ महिलाओं ने सावन झूला का आनंद लिया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मनोहर महांती ने हर हर महादेव व बोल बम के जयकार लगाया।

इस अवसर पर महांती समाज के तीनों प्रभागों में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। छग करण महांती समाज के वर्तमान अध्यक्ष मनोहर महांती ने स्वयं को निवृत्तमान घोषित कर समाज के वरिष्ठ सदस्य संजय महांती का नाम भावी अध्यक्ष के लिये प्रस्तावित किया, जिसे समस्त समाज ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। किसी विशेष अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसी तरह तारिणी महिला मंच के नई कार्यकारिणि का गठन किया गया। अध्यक्ष शस्मिता पटनायक, उपाध्यक्ष रंजिता महांती, सचिव रसना महांती, सह सचिव समीक्षा महांती, कोषाध्यक्ष सुमन महांती, सांस्कृतिक प्रभारी विधि महांती (आरंग), मीडिया प्रभारी गौरी महांती। महांती समाज के सचिव पवित्र महांती ने महिला मंच की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसी तरह महांती युवा मंच के अध्यक्ष पद के लिए मयंक महांती का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया गया। अन्त में तारिणी महिला मंच के निवृत्तमान सदस्यों का गत 2 वर्ष के कार्यकाल में उनकी सक्रियता एवं प्रशासनीय कार्यों के लिए समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। निवृत्तमान कार्यकारिणी क्रमशः अध्यक्ष स्नेहा महांती, उपाध्यक्ष तारा महांती, सचिव पुष्पांजली महांती, सह सचिव रंजिता महांती, कोषाध्यक्ष मिलि महांती, सांस्कृतिक प्रभारी मान्यता पटनायक, मीडिया प्रभारी शारदा महांती, प्रचार प्रसार प्रभारी समीक्षा सामतराय। कार्यक्रम के अन्त में समाज के वरिष्ठगण प्रतापचंद्र महांती, किशोर कुमार महांती, किशोर चंद्र महांती ने नव कार्यकारिणी पर हर्ष जताया है।

## अब तक 74 हजार किसानों को 346 करोड़ रुपए का ऋण वितरित

# जिले की समितियों में 15402 टन खाद विक्रय के लिए शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के किसानों को खरीफ मौसम की तैयारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों में पॉस मशीन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी दुकानों में अवैध भंडारण पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करने सख्त निर्देश दिए है। अधिकारियों द्वारा लगातार खाद की उपलब्धता एवं वितरण पर निगरानी रखी जा रही है।

उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने जानकारी दी कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों से खाद प्राप्त कर सकते हैं। 1 अप्रैल से 22 जुलाई की स्थिति में जिले के सहकारी एवं निजी समितियों में कुल 66453 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 51051 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। अब तक भंडारित खाद में सहकारी एवं निजी समितियों में यूरिया 34 हजार 232 टन, सुपर फॉस्फेट 16 हजार 65 टन, पोटाश 3 हजार 193, डीएपी 7 हजार 109, एनपी के 5 हजार 854 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 15 हजार 402 टन खाद विक्रय हेतु शेष है। जिसमें यूरिया 6 हजार 882 टन, सुपर फॉस्फेट 5 हजार 349, पोटाश एक हजार 907, डी.ए.पी. एक हजार 94 एवं एक हजार 170 टन एनपी के खाद उपलब्ध है, जिसका समितियों द्वारा किसानों को विक्रय किया जा रहा है। अब तक भंडारण के विरुद्ध 76.82 प्रतिशत वितरण किया जा चुका है। इसी तरह किसानों को खेती किसानी में सहूलियत दिलाने चालू सत्र में ऋण वितरण लक्ष्य 470 करोड़ रखा गया है। जिसके विरुद्ध 346.22 करोड़ ऋण वितरण किया जा चुका है। जिसमें 74 हजार 450 किसानों को 295.31 करोड़ रुपए की राशि नगद वितरण एवं 50.91 करोड़ का खाद बीज वितरण शामिल है।

खबर संक्षेप



## विधायक ने श्रम विभाग की योजना तहत हितग्राही को दी सिलाई मशीन

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बुधवार को विधायक कार्यालय में श्रम विभाग के योजना के तहत हितग्राही आरती सिन्हा को सिलाई मशीन प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। किसान और मजदूर वर्ग के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेता राजू साहू, शरद राव, आकाश पांडे, शुभम पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## श्याम स्कूल में हरेली पर्व हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** श्याम विद्या/विद्या मंदिर, श्याम इंग्लिश मीडियम स्कूल, उमा विद्यालय में हरेली पर्व पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल कूद का आयोजन रखा गया। जिसमें बालक व बालिका वर्ग से फुगडी, रंगोली, कुर्सी दौड-गेड़ी दौड़ इत्यादि कार्यक्रम में संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह, प्रधानाचार्य मीना राजपूत एवं शिक्षकगण अमित लामा, ऐश्वर्या साहू, कीर्ति यादव, योगिता यादव, योगिता चौहान एवं समस्त स्टाफ शामिल हुए। कार्यक्रम की रूपरेखा अग्रिमा अग्रवाल एवं गीतांजलि यादव द्वारा तैयार किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रमुख मीना राजपूत ने दी है।

## यूजीसी नेट 2025 का परीक्षा परिणाम जारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी नेट 2025 (अखिल भारतीय) का परीक्षा परिणाम देर शाम जारी किया। जिसमें महासमुंद नगर से नवीन चंद्राकर ने अंग्रेजी में 92.23 परसेंटाइल लाकर असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी एडमिशन के लिए क्वालीफाई किया है। गौरतलब है कि नवीन चंद्राकर वर्तमान में नगर के चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में बतौर प्राचार्य के पद पर कार्यरत है एवं कलिंगा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में पीएचडी भी कर रहे है। अंग्रेजी साहित्य शोध में गहन रुचि रखने वाले नवीन ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता- पिता, भाई, गुरुजन, मित्र एवं चंद्रोदय पब्लिक स्कूल शाला परिवार को दिया है।

## संस्कार पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया हरेली पर्व

**महासमुंद।** संस्कार पब्लिक स्कूल में नर्सरी से लेकर यूकेजी कक्षा तक के बच्चों द्वारा हरेली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। बच्चों ने हरेली से जुड़ी गतिविधियों में भाग लिया, जैसे पारंपरिक खेल, पौधरोपण, और सजावटी झूले।

### तैयारी: विश्व आदिवासी दिवस समारोह के संयोजक बने पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई

# तेंदूकोना में विश्व आदिवासी दिवस समारोह 9 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

मातृ संस्था 4230 पंजीकृत छग सर्व आदिवासी समाज की बैठक तेंदूकोना स्थित कंवर पैंकरा समाज के सामाजिक भवन में हुई। जिसमें पूर्व विधायक प्रीतम दीवान तथा सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष द्वय कल्याण सिंह बरिहा, मोहित ध्रुव, प्रांतीय संयुक्त सचिव मनोहर ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डिंपल डॉली ध्रुव, संरक्षक खिलावन ध्रुव, कंवर पैंकरा समाज के जिला संरक्षक मानसिंह दीवान, जिला महासचिव श्रीराम दीवान, सेवानिवृत्त कमिश्नर कामता दीवान, सर्व आदिवासी समाज जिला सचिव विनोद दीवान, जिला कोषाध्यक्ष सहदेव ध्रुव की विशेष उपस्थिति व समाज प्रमुखों की मौजूदगी में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह 9 अगस्त को तेंदूकोना मंडी प्रांगण में भव्य रुप में आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

आदिवासी समाज के सर्कल अध्यक्ष व सचिवगण, कर्मचारी- अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण बुद्धिजीवियों व मातृशक्तिगण द्वारा सामंजस्य व सर्वसम्मति से तेंदूकोना में भव्य विश्व आदिवासी दिवस मनाये जाने का रुपरेखा तैयार कर लिया गया है।

विश्व आदिवासी दिवस समारोह का संयोजक पूर्व विधायक प्रीतम दीवान को बनाया गया है। तेंदूकोना में 9 अगस्त को होने वाली आदिवासी समारोह में मंडी प्रांगण में आदिवासियों का जनसैलाब एकत्रित होकर आदिवासियों के ईष्ट देवी-देवताओं के पूजा-अर्चना कर रैली मुख्यमार्ग के भ्रमण कर वापस मंडी प्रांगण आएगी। बाद सभा में परिवर्तित हो जाएगी।




### तैयारी बैठक में जुटे समाज के लोग

बैठक में सर्व आदिवासी समाज के बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष लोकेश दीवान, महिला प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष डुमरौतीन ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ अमात गोंड़ समाज सुअरमाल राज अध्यक्ष पावित्री ठाकुर, पार्षद सरिता दीवान, अमात गोंड़ समाज के वरिष्ठ सामाजिक प्रमुख मोहन ठाकुर एवं मुंशीलाल ठाकुर, सर्व आदिवासी समाज के पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष गोलू रावल, उपाध्यक्ष गंगाधर बरिहा, जिला ध्रुव गोंड़ समाज के संचालक मयाराम मंडावी, ध्रुव गोंड़ समाज मुस्की परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष गोपाल ध्रुव, अमात गोंड़ समाज सुअरमाल राज संरक्षक जगसाय ठाकुर, अमात गोंड़ समाज दाईजबांधा सर्कल संरक्षक जगदेव ठाकुर, कोषाध्यक्ष हेमसिंग ठाकुर, सचिव कंवल सिंह ठाकुर, आडिटर राजू ठाकुर, रेबा सर्कल अध्यक्ष दलपत दीवान, जोबा सर्कल अध्यक्ष चैन सिंग दीवान, बार सर्कल अध्यक्ष कीर्तन दीवान, भुरकोनी सर्कल अध्यक्ष गणेश राम दीवान, सलिहा सर्कल अध्यक्ष लालाराम दीवान, तेंदूकोना सर्कल अध्यक्ष सावित्री विनोद दीवान, कार्यकारी अध्यक्ष नैन सिंग दीवान, कोषाध्यक्ष उमराव दीवान, सचिव गणेश दीवान, युवा प्रभाग अध्यक्ष डिगेश्वर दीवान, महामंत्री देवा दीवान, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक युवा अध्यक्ष उमेश दीवान, महिला प्रभाग अध्यक्ष धनेश्वरी दीवान, कर्मचारी प्रभाग अध्यक्ष डॉ.भूषण दीवान, संरक्षक जगेश्वर दीवान, उपाध्यक्ष अंजोर दीवान, नरेश दीवान, कृष्ण कुमार, पवन, रामकुमार, भीखम दीवान, चुम्मन दीवान, विद्याचरण दीवान, कुंजलाल, देवेंद्र दीवान, हरीश दीवान, रोहित दीवान, लाला दीवान, झगर दीवान, कन्हैया दीवान आदि मौजूद रहे।

### समारोह में पारंपरिक कलाओं की होगी प्रस्तुति

विश्व आदिवासी दिवस समारोह में नामचीन कलाकारों व आदिवासी बालिकाओं द्वारा आदिवासी लोककला पर आधारित नृत्य, संगीत व अन्य पारंपरिक कलाओं की प्रस्तुति होगी। इस तरह के लोककला की प्रस्तुति से सौंदर्यबोध के साथ-साथ आदिवासी समाज की संस्कृति, इतिहास और जीवनशैली को भी दर्शाती है। इसके अलावा आदिवासी सामाजिक एकता पर बल देते हुए शैक्षणिक, आर्थिक व व्यवसायिक क्षेत्र में जनजागृति लाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आदिवासी जनसैलाब द्वारा जल-जंगल-जमीन के मामले पर संवैधानिक अधिकार के साथ आदिवासी मुद्दों पर भी शासन का ध्यानाकर्षण किया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस समारोह में छग शासन के मंत्री, महासमुंद लोकसभा सांसद रुपकुमारी चौधरी, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आतिथ्य के रुप में आमंत्रित किया जा रहा है।

## रजत जयंती मनाने नपाध्यक्ष ने ली अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

**महासमुंद।** राज्य निर्माण के 25वें वर्ष पर रजत जयंती कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका कार्यालय में सीएमओ व विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध ने चर्चा की। साहू ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश की 25 वर्षों की विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में सहभागिता सुनिश्चित करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने नगरीय निकायों के लिए तय कार्यक्रमों पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। जिसमें प्रमुख रूप से रजत जयंती वाटिका निर्माण के लिए जगह चिन्हांकित कर पौधरोपण, आगामी 25 वर्षों की विकास योजनाओं पर टॉउन हाल में शहर समागम का आयोजन, गणेश उत्सव एवं दुर्गा पूजा पंडालों की सजावट रजत जयंती थीम पर करने के लिए आयोजन समिति की बैठक लेने, सावन मेले में कावरियों एवं नवरात्रि में पदयात्रियों को रजत जयंती वर्ष के आयोजन से जोड़ने, व्यापारिक संगठनों की बैठक लेने, स्वच्छता सप्ताह के तहत सफाई अभियान चलाने, रंगोली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सीएमओ अशोक सलामे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्राइवेट स्कूल संचालक संघ की बैठक, संचालकों व नवीन पदाधिकारियों का किया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्राइवेट स्कूल संचालक संघ की बैठक आइडियल पब्लिक स्कूल पाटसेंद्री में रखी गई। जिसमें सभी संचालकों व नवीन पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष संजय सतपथी (केजी कॉन्वेंट स्कूल), उपाध्यक्ष मंजुलता पटेल (केपी इंटरनेशनल चट्टीगिरोला), सचिव बृजलाल जायसवाल (शारदा विद्या मंदिर मोहदा), कोषाध्यक्ष आभास अग्रवाल (प्रतिभा पब्लिक स्कूल) साथ में सभी पूर्व नियमों का अनुशरण करते हुए एकता का परिचय देने के लिए सभी संचालक एवं विद्यालयों को आग्रह किया गया और अन्य विषयों पर भी चर्चा कर सभी को सभी कार्यों को गंभीरता से करने नियमों को गंभीरता से पालन करते हुए एकता का परिचय देने के लिए सभी संचालक एवं विद्यालयों को आग्रह किया गया और अन्य विषयों पर भी चर्चा कर सभी को सभी कार्यों को गंभीरता से करने नियमों को गंभीरता से पालन करने एकता का परिचय देने का भी आग्रह संघ के संरक्षक अमृतलाल पटेल द्वारा किया गया। उनकी बातों का सभी ने सहमति प्रदान कर मिलकर काम करने का निर्णय लिया।



संचालकगण डॉ.बीआर भास्कर (एकलव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल), जूलियानुस एक्का (आईईएमबीएच स्कूल कुटेला), बरुण शोभा नायक फादर (सेंट विसेंट पेलोटी स्कूल), अमृतलाल पटेल (कान्हा पब्लिक स्कूल), प्रशांत पटेल (आइडियल पब्लिक स्कूल पाटसेन्द्री), मसीह (इवास इंग्लिश मीडियम स्कूल), रमेश नायक (सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल बोंदा), किशोर बाघ (किशोर पब्लिक स्कूल कलेंडा), सुरेंद्र साहू (आरएस पब्लिक बगईजोर), जितेंद्र चौहान (राधाकृष्ण इंग्लिश मीडियम स्कूल बहेरापाली), गोपनाथ पटेल (गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर जोगनीपाली), बिहारीलाल अग्रवाल एंड बिष्णु अग्रवाल (सरस्वती शिशु मंदिर), प्रदीप बारीक (शारदा पब्लिक स्कूल ) आदि उपस्थित रहे। आइडियल पब्लिक स्कूल पाटसेन्द्री के संचालक प्रशांत पटेल ने आभार व्यक्त किया।

# मंडी के दोनों को गेट को खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुरानी कृषि उपज मंडी गेट को लगभग 15 दिनों से दोनों तरफ बन्द कर देने के कारण आम जनता की आवाजाही में परेशानी को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मण्डल आईटी सेल प्रभारी शरद मराठा ने कृषि उपज मंडी के सचिव पूरनसिंग कश्यप से पिटियाझर स्थित कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन देते हुए मांग की है कि पुरानी कृषि उपज मंडी गेट के दोनों बड़े द्वार का ताला आम जनता के लिए तत्काल 24 घंटे के अंदर खोला जाए, क्योंकि, वार्ड नं. 14, 19, 20, 21 रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आने जाने का मार्ग है। जब से मंडी है तब से अभी तक ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई थी। स्कूल आने जाने वाले छात्र-



छात्राओं को भी को भी परेशानी हो रही है। गेट के बंद होने से पुराना मछली मार्केट रोड में ट्रैफिक बढ़ गया है। जनहित में खोलना आवश्यक है। इसके अलावा सचिव से कहा गया कि कृषि उपज मंडी में कांप्लेक्स निर्माणाधीन है। लगभग पूर्णता की ओर है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पहले भी आप से काम्पलेक्स चालू करने का निर्देश दिया है, जो भी कमी है उसे तत्काल पूरा कर कांप्लेक्स के दुकानों को नीलामी कराया जाए तथा आसपास अव्यवस्था फैली हुई है, उसे जिला प्रशासन तहसीलदार से सहयोग लेकर अतिक्रमण हटाया जाए। सचिव पूरनसिंह कश्यप ने पुरानी मंडी के दोनों गेट को जनहित में तत्काल खुलवा दिए और साथ ही शीघ्र निर्मित कांप्लेक्स को व्यवस्थित करने की भी बात कही। अधिकारी से यह भी कहा गया कि कांप्लेक्स निर्माण की गुणवत्ता का तकनीकी अधिकारी से जांच उपरांत ही ठेकेदार को अंतिम भुगतान करें, जब तक उनके भुगतान को रोका जाए। क्योंकि, काम्पलेक्स निर्माण में खामी कुछ दिन पूर्व समाचार से ज्ञात हुआ है। राठी ने पुलिस प्रशासन से भी मांग कि है कि मंडी कांप्लेक्स के आस पास के क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाये। क्योंकि, असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है। पुलिस अपनी मुस्तैदी दिखाएं।

### सेनानियों को किया याद




**महासमुंद।** स्थानीय गांधी कांग्रेस भवन में देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई। वहीं छत्तीसगढ़ के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की भी पुण्यतिथि मनाई गई। दो मिनट का मौन धारण कर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल, आलोक चंद्राकर, संजय शर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, मनोजकांत साहू, हीरा बंजारे. छन्नू साहू, सोमेश दवे, प्रदीप चंद्राकर, अमन चंद्राकर, अक्षय साकरकर, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, निर्मल जैन कोषाध्यक्ष, सोनम रामटेके, ऋषि वर्मा, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, राजेश नेताम, अजय थवाइत, सतीश कन्नौजे, जय पवार, गोपीचंद तारक, देवेश शर्मा, सन्नी महानंद, गोपी पाटकर, अनुराग चंद्राकर, सागर डोंगरे, नुकेश महंत, बसंत चंद्राकर, विजय तांडी, भानू सोनी आदि मौजूद रहे।

# कर्मा जागृति महिला मंच ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विगत शनिवार को कर्मा जागृति महिला मंच द्वारा सावन उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। माता कर्मा के छायाचित्र पर पूजा एवं दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सती साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भजन एवं सावन गीत की प्रस्तुति पद्मिनी साहू एवं सदस्यों द्वारा दिया गया। पश्चात छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य की प्रस्तुति विमला साहू एवं समूह द्वारा किया गया। इस उत्सव के दौरान उपस्थित महिला सदस्यों के लिए मनोरंजक खेल का भी आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत नाम सुनो सामान उठाओ इनाम पाओ जिसमें प्रथम कल्याणी साहू एवं द्वितीय खेमिन



साहू, इसी प्रकार 1 मिनट खेल में प्रथम रहे। हेमलता साहू एवं सांत्वना पुरस्कार शीतल साहू सावित्री साहू, तुकेश्वरी साहू को दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्मचारी की महिला मंच की अध्यक्ष सती साहू द्वारा सावन उत्सव एवं हरियाली त्योहारों को मनाने के साथ ही एक संदेश भी दिया कि प्रकृति से प्रेम बनाए रखने के लिए एक पेड़ मां के नाम मिशन से जुड़कर सभी उपस्थित सदस्यों को पेड़ लगाने और उसे सुरक्षित रखने प्रोत्साहित किया गया और प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए संकल्प लिया। सभी महिलाओं को श्रृंगार सामग्री एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में सती साहू शैल साहू, सावित्री साहू, सरोजनी साहू, पुष्पा गजपाल, महेश्वरी साहू, अनिता साहू, पुष्पा साहू, फूलबासन साहू, निर्मला साहू, सुषमा साहू कल्याणी साहू, ईश्वरी साहू, नोकेश्वरी साहू, चंद्रकला साहू, पूर्णिमा साहू, पुष्पा, सरिता साहू, जमुना साहू, तेजिन साहू, पूजा साहू आदि मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ में आयोजित होगा जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**महासमुंद।** जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए मूल्यांकन और समीक्षा बैठक में मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026 के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानव जाति को सर्वशुभ और मंगलकामनाओं को साकार करने, व्यक्ति में घुटन, परिवार में टूटने, समाज में विघटन, प्रकृति में असंतुलन, युद्ध और अपराधों के मुक्ति लिए एकमात्र विकल्प जीवन विद्या अध्ययन है। वर्तमान में रुस, यूक्रेन, भारत पाकिस्तान, इजराइल,ईरानके मध्य हो रहे युद्ध का शिक्षा में मानव का अध्ययन नहीं होना बताया। कोकड़िया ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के सरकारी शिक्षकों को जिन्होंने छग स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के माध्यम से एक वर्षीय जीवन विद्या अध्ययन अछोटी में किया, ऐसे 100 से अधिक शिक्षकों व समाज सेवियों, अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों, सरपंच व पंचों, विद्यार्थियों व शोधार्थी पीएचडी, स्कालर व फेलोशिप करने वालों के समक्ष 10 बिंदु में सुझाव दिए। बेमेतरा से अंकित पोगुला व साधन भट्टाचार्य ने जीवन विद्या के लोक व्यापीकरण अभियान के तहत मानव तीर्थ किरिटपुर बेमेतरा आने का निमंत्रण दिया है। मानव तीर्थ में भारत के 18 राज्यों के बच्चे चेतना विकास मूल्य शिक्षा का अध्ययन प्रेरणा विद्यालय से करते हैं। कार्यक्रम को सरदार मंजित सिंह, अनिता दीदी अभिभावक विद्यालय रायपुर, राखी कोकडिया महासमुंद, केके साहू, लोकेश यादव बालोद सांकरी, कुमार साहू कांकेर आंवरी, रायगढ़ से बाबूलाल नायक, शुक्ला पटेल, हिमाचल पटेल, वेणुधर इजारेदार आदि ने भी जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026 को यक्ष मानवीय शिक्षा व व्यवस्था के मुद्दों पर संवाद करने के तरीके बताया।

# गुड शेफर्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया हरेली पर्व

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में छत्तीसगढ़ के प्रमुख एवं पहले त्योहार हरेली एवं ग्रीन डे धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पश्चात अरपा पैरी के धान



गीत कक्षा पांचवीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कक्षा छठवीं के सिद्धांत और श्रेया ने हरेली की सुंदरता पर कविता प्रस्तुत किया। शिक्षिका प्रेरणा साहू के निर्देशन में कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरक नाटक का मंचन किया गया। जिसमें वृक्षों की कटाई न करने का अनुरोध किया गया। कक्षा आठवीं की छात्राओं द्वारा प्रीति ठाकुर के निर्देशन में मनमोहक छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया। हायर सेक्शन के विद्यार्थियों ने हरियाली जागरुकता रैली निकालकर पौधरोपण पर आधार आदि नारे लगाए। हायर सेक्शन के छात्रों ने पौधरोपण के महत्ता पर हृदयस्पर्शी नाटक का मंचन किया। प्राचार्य एम निवास राव ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ त्यौहार का प्रदेश है और हरेली त्योहार का अपना अलग महत्व है। इस त्योहार में किसान अपने कृषि औजारों की साफ सफाई कर पूजा करते हैं और घर-घर में चावल का चीला, बड़ा, पूड़ी आदि व्यंजन बनाए जाते हैं। शाला की प्रधानाचार्या मिताली गुरुंग ने बच्चों को उनकी सुंदर प्रस्तुति पर बधाई दी। छत्तीसगढ़ महतारी की जय जयकार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# वेडनर मेमोरियल शाला परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों ने लिया सुरक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया। 23 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चार हाऊस ब्लू, ग्रीन, रेड एवं यलो हाऊस ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। साथ ही वृक्षों को संरक्षित रखने, सही ढंग से देखभाल करने व वृक्ष न काटने का संकल्प लिया। शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं पेड़ों को बचाने एवं उनके उचित देखभाल के संदर्भ में बहुत ही प्रभावशाली भाषण दिए। शिक्षिका मिताली जैन एवं ममता साहू ने भी पर्यावरण को नष्ट होने से बचाने एवं पौधे लगाकर जीवन को सुरक्षित रखने की अपील की। इन्हीं विद्यार्थियों द्वारा शाला परिसर में ही बहुत ही खूबसूरत तरीके से



ब्लैकबोर्ड को सजाया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली जो खेती किसानी से संबंधित है ,किसान के मेहनत से ही खेत खलिहान हरे भरे दिखाई देते हैं, अपने मन के भावों को बड़े ही सुंदर ढंग से चित्रित करके ब्लैक बोर्ड को सजाया गया। जिसमें बताया गया कि छत्तीसगढ़ में किसानों का महत्व अत्यधिक है। यह बात हरे भरे चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया गया। कार्यक्रम शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षिका प्रदीप्ति चांडक के द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

